सत्यमेव जयते

भारत सरकार / GOVERNMENT OF INDIA
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय
MINISTRY OF PORTS, SHIPPING AND WATERWAYS
नौवहन महानिदेशालय, मुंबई
DIRECTORATE GENERAL OF SHIPPING, MUMBAI

आज़ादी का अमृत महोत्सव

फाइल नं: 20-19016/4/2022-प्रशिक्षण-नौमनि

दिनांक 12.08.2022

नौमनि परिपत्र संख्या 17 /2022
(नौमनि प्रशिक्षण परिपत्र संख्या 12/2020 का अनुशेष)

1. जबकि, निदेशालय दिनांक 01.04.2020 के नौमनि प्रशिक्षण परिपत्र संख्या 12/2020 के माध्यम में निदेशालय ने पूर्व समुद्री पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए न्यूनतम पात्रता मानदंड लागू किए हैं और सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईटी) एवं ऑनलाइन कौनसेललिंग की शुरुआत की है।

2. जबकि, निदेशालय ने दिनांक 0l.04.2020 के प्रशिक्षण परिपत्र 12/ 2020 के बिंदु संख्या 12.2 के तहत "सामान्य प्रवेश परीक्षा" (CET) निदेशालय की और से नौमनि द्वारा अनुमोदित सभी समुद्री प्रशिक्षण संस्थानों के लिए आईएमयू द्वारा आयोजित किया जाएगा। प्रारंभिक चरण में निम्नलिखित पूर्व समुद्री पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए सीईटी आयोजित की जाएगी।

i मेरिटाइम इंजीनियरिंग में बीई / बी –टेक (4 वर्षों की अवधि के लिए)

ii. बी. एस. सी. (समुद्री विज्ञान) (3 वर्षों की अवधि)

iii. बीएससी (नॉटिकल साइन्स से पूर्व आयोजित नॉटिकल साइन्स में डिप्लोमा

3. जबकि, निदेशालय के दिनांक 01.04.2020 के प्रशिक्षण परिपत्र 12/2020 के बिंदु संख्या 12.3 में कथित है कि विभिन्न एमटीआई में प्रवेश के लिए उम्मीदवारों का एक सामान्य ऑनलाइन काउंसलिंग होगा। हालांकि, एमटीआई सामान्य काउंसलिंग के विकल्प को छोड़कर अपनी स्वयं की काउंसलिंग भी कर सकते है।

4. जबकि, कोविड-I9 महामारी के कारण निदेशालय ने दिनांक 21.08.2020 के नौमनि प्रशिक्षण परिपत्र 29 /2020 के बिंदु संख्या 3.1 द्वारा सूचित किया कि "ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा (CET) और सामान्य काउंसलिंग शैक्षणिक वर्ष 2020-21 में प्रवेश हेतु लागू नहीं होगी।

....2/-

9वीं मंज़िल, बीटा बिल्डिंग, आई थिंक टेक्नो कैम्पस, कांजुर गाँव रोड, कांजुरमार्ग (पूर्व) मुंबई- 400042
9th Floor, BETA Building, I-Think Techno Campus, Kanjur Village Road, Kanjurmarg (E), Mumbai-400042
फ़ोन/Tel No.: +91-22-2575 2040/1/2/3 फ़ैक्स/Fax.: +91-22-2575 2029/35 ई-मेल/Email: dgship-dgs@nic.in वेबसाइट/Website: www.dgshipping.gov.in

5. जबकि, निदेशालय ने दिनांक 13.05.2021 के परिपत्र संख्या 14 / 2021 द्वारा एमटीआई को शैक्षणिक वर्ष 2021-22 के लिए अपनी स्वयं की प्रवेश प्रक्रिया और काउंसलिंग का पालन करने की अनुमति दी।

6. जबकि, भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय ने दिनांक 07.03.2022 के परिपत्र संख्या IMU-HQICI12/18/01/CET-2022 दिनांक 07.03.2022 जारी करके सूचित किया है कि पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय, ने आईएमयू को नौमनि अनुमोदित एमटीआई में प्रवेश के लिए अखिल भारतीय आधार पर एक सामान्य प्रवेश परीक्षा आयोजित करने का निर्देश दिया है। उसने सूचित किया है कि नौमनि द्वारा अनुमोदित पूर्व समुद्री कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए भारत भर में स्वीकृत सीईटी 11.06.2022 को आयोजित किया और सभी योग्य उम्मीदवारों की सूची आईएमयू वेबसाइट पर सार्वजनिक की गई ।

7. जबकि, निदेशालय को उम्मीदवारों और एमटीआई से बीई (एमई) पाठ्यक्रम के लिए पार्श्व प्रवेश लेने के इच्छुक उम्मीदवारों के लिए सीईटी से छूट देने का अनुरोध प्राप्त हुआ है, यह मानते हुए कि ये उम्मेदवार पहले से ही इंजीनियरिंग में डिप्लोमा प्राप्त कर चुके हैं।

8. जबकि, यह देखा गया है कि सीईटी के लिए पाठ्यक्रम डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम से अलग है और ऐसे छात्रों ने उनके डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम के दौरान 11 वीं और 12 वीं के पाठ्यक्रम को नहीं पढ़ा है।

9. इसलिए निदेशालय ने निर्णय लिया है कि चार वर्षीय समुद्री इंजीनियरिंग डिग्री पाठ्यक्रम (बीई / बी-टेक समुद्री इंजीनियरिंग) के दूसरे वर्ष में प्रवेश के लिए पार्श्व प्रवेश के इच्छुक उम्मीदवारों के लिए ऑनलाइन सीईटी (CET) आगामी शैक्षणिक सत्र 2022-23 और उसके आगे के लिए अनिवार्य नहीं होगा।

10. यह नौवहन महानिदेशक और अपर सचिव के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

12/08/2022

(डॉ राउत पांडुरंग के.)
उप नौवहन महानिदेशक (प्रशिक्षण)

सेवा में

1 नौमनि द्वारा अनुमोदित सभी एमटीआई
2 इंजीनियरिंग अनुभाग
3 नॉटिकल अनुभाग
4 ई-गवर्नेंस अनुभाग
5 सभी समुद्री वाणिज्य विभाग
6 सीईओ/एमटीटी
7 कंप्यूटर सेल से इस अनुरोध के साथ कि परिपत्र को नौमनि के वैबसाइट पर अपलोड करें।